भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 716

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।

.....

तंजावूर के डेल्टा क्षेत्रों में सूक्ष्म और ड्रिप सिंचाई

716. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की तंजावूर के डेल्टा क्षेत्रों में सूक्ष्म सिंचाई और/या ड्रिप सिंचाई शुरू करने की कोई योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रति बूंद अधिक फसल (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित देश में कृषि सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। यह योजना ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से कृषि में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाने पर जोर देती है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पहले प्रति बूंद अधिक फसल (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) को लागू किया गया था, जो प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई एम्ब्रैला योजना (पीएमकेएसवाई) का एक घटक था। हालांकि, वर्ष 2021 से इसे कृषि एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के एक भाग के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है।

वर्ष 2015-16 से अब तक, तमिलनाडु के तंजावूर जिले में प्रति बूंद अधिक फसल (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत 22,433 हेक्टेयर क्षेत्रफल को कवर किया गया है।

*****